www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार, 7 फरवरी 2026

### सुविचार



जहां चक्रवर्ती सम्राट की तलवार कुंठित हो जाती है, वहां महापुरुष का एक मधुर वचन ही काम कर देता है।

- हरिऔध

### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- बेकाबू डंपर ने बाइक सवारों को रौंदा, युवक की हुई मौत II
- लखनऊ की तरह कूड़ा निस्तारित करेगा बीएमसी III
- मधु-सुषमा की जोड़ी ने खिताब पर किया कब्जा IV


### शहर में आज



- केजीएमयू के ब्राउन हॉल में गैंकोलॉजिकल आंकोलॉजी विभाग के प्रथम स्थापना दिवस पर उत्सव का आयोजन 2:00 बजे।
- पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम गोमतीनगर में ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट 11:30 बजे।
- छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में एआरओ लखनऊ के तहत 13 जिलों के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल श्रेणी की भर्ती रैली 7:00 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में पंच परिवर्तन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 11.30 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड का गठन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जन शक्ति खादी एवं ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के राष्ट्रीय कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया। यह गठन संस्था के संस्थापक जीएस श्रीवास्तव के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में विवेक कुमार सिंह, दीपक लाल श्रीवास्तव, प्रहलाद यादव, शुभम कुमार, प्रवेश राज, राहुल गौतम, अनिल कुमार, अनीता राज, कृष्ण कुमार, कमलेश चंद्र, आकाश यादव, अमित कुमार यादव, सिद्धार्थ गौतम, पवन कुमार और अरविन्द कुमार को शामिल किया गया।

# बालिका विद्यालयों के पास बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमृत विचार द्वारा एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के साथ अश्लील हरकतों के मामले को लगातार उठाए जाने के बाद, अब हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भी राजधानी के बालिका विद्यालयों के आसपास कानून-व्यवस्था की समस्या का संज्ञान लिया है।



- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज की छात्राओं का मामला अमृत विचार ने उठाया था प्रमुखता से

कोर्ट ने कहा है कि हमारी जानकारी में आया है कि कुछ बालिका विद्यालयों के खुलने और बंद होने के समय जब छात्राएं स्कूल कैंपस के बाहर होती हैं, कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो रही है। कोर्ट ने स्टेशन रोड, चारबाग स्थित एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त स्कूल की छात्राओं से अश्लील हरकतों की घटनाएं भी सामने आई हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को इस मामले को देखने और अगली सुनवाई पर पूरी जानकारी देने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्कूलों की वजह से होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात के संबंध में पूर्व में कई आदेश दिए हैं। इस बार की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बालिका विद्यालयों की छात्राओं को परेशान किए जाने पर भी चिंता व्यक्त की है।

### अमृत विचार प्रमुखता से उठाता रहा है छात्राओं की परेशानी का मुद्दा

- अमृत विचार ने एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज के आसपास हुए अतिक्रमण और वहां अवैध रूप से पक्के मकान बनाकर रहने वाले युवकों द्वारा छात्राओं को तंग किए जाने के मुद्दे को की बार उठाया है। इस संबंध में महापौर की भी प्रतिक्रिया ली गई थी, हालांकि उनकी ओर से अब तक कोई भी कदम नहीं उठाया गया। अमृत विचार ने छात्राओं के स्कूल जाते समय वहां के निवासियों द्वारा अर्धनग्न हो कर नहाने का विषय भी उठाया था।



2000 छात्राओं की नजरें झुकीं, नगर निगम को नहीं आ रही लज्जा

फुटपाथ पर कब्जा कर बना लिए मकान

अमृत विचार में 28 दिसंबर 2025 को प्रकाशित खबर

### ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार पर सुझाव मांगा

- वहीं पूर्व के आदेश के अनुपालन में सीएमएस स्टेशन रोड, सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन, सीएमएस गोमती नगर-1, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज तथा लोरेटो कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के प्रतिनिधि कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए और अपने-अपने विद्यालयों के आसपास यातायात समस्या से निपटने के उपायों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कुछ विद्यालयों ने इस संबंध में राज्य सरकार और लखनऊ नगर निगम से सहयोग की भी मांग की। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर डीजी, यातायात को भी उपस्थित होकर अपने सुझाव देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

# समाधान दिवस में नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी

## अवध विहार कॉलोनी में जलभराव की समस्या से परेशान बाशिंदों ने किया विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर अंतर्गत अवध विहार कॉलोनी में जलभराव और मूलभूत सुविधाओं से परेशान बाशिंदों का नगर निगम के चक्कर लगाते-लगाते सब्र टूट गया। सुनवाई न होने पर शुक्रवार को समाधान दिवस में पहुंचीं महिलाओं और पुरुषों ने नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अनदेखी का आरोप लगाया और ऐसी अव्यवस्थाओं में लिए जा रहे टैक्स का विरोध किया।

शुक्रवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकी नाथ हाल में समाधान दिवस की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस बीच अवध विहार कॉलोनी से आए रमेश, जमुना, सनी, सूरज संजीव समेत अन्य ने बताया कि कॉलोनी में एक हजार से अधिक मकान बने हैं। सड़कों में बराबर जलभराव रहता है। नाली व सड़क नहीं बनी है। इससे निकासी नहीं होती है। बारिश में घरों के अंदर पानी भरता है। सड़क से निकलना मुश्किल होता है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। कोई बीमार होने पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता है। बिजली के तार लटकते हैं। पोल से पानी में करंट उतर आता है। आयेदिन हादसे होते हैं। स्थानीय लोग बराबर नगर निगम कार्यालय और समाधान दिवस में शिकायत करते आ हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। हॉल के बाहर और मुख्य गेट पर काफी संख्या में आये लोगों ने जमकर नारेबाजी की।



लोगों की समस्याएं सुनतीं महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य।



लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकी नाथ हाल के बाहर नारेबाजी करते अवध विहार कॉलोनी के लोग।

- नगर निगम कार्यालय और समाधान दिवस के लगा रहे चक्कर

### रजिस्ट्रेशन को नोकझोंक कर्मियों को फटकार

- शुक्रवार को समाधान दिवस में रजिस्ट्रेशन की नई व्यवस्था लागू की गई। हॉल में महापौर और अफसरों के पास जाने से पहले हॉल के बाहर काउंटर पर शिकायत पत्र रजिस्टर में पंजीकृत करके क्रमांक दिए गए। इस आधार पर अंदर प्रवेश देकर सुनवाई की गई। लेकिन, काउंटर पर उचित व्यवस्था न कतार लगाई गई। इससे मारामारी के हालात रहे। फरियादियों और कर्मियों के कई बार नोकझोंक हुई। इस बीच महापौर ने कर्मियों को फटकार भी लगाई।

### जर्जर भवन का 1.21 लाख रुपये गृहकर

- सेमरागौढ़ी फैजुल्लागंज-1 के भवन स्वामी ने बताया कि उनकी 80 वर्ष पुरानी पुस्तैनी जमीन में एक जर्जर हाल बना है। जिसका इस्तेमाल नहीं होता है। निरीक्षक को प्रपत्र के साथ शपथ पत्र देकर अवगत कराया था। इसके बाद भी वार्षिक मूल्यांकन 85,680 रुपये गृहकर लगा दिया। कुल बकाया 1,21,520 रुपये का बिल दे दिया और बकाया जमा करने के लिए कुर्की का बार-बार प्रकाशन कराकर दबाव बनाया जा रहा है।

### पूर्व कर अधीक्षक को डबल गृहकर

- लालकुआं वार्ड निवासी विनोद कुमार जायसवाल ने बताया कि वह नगर निगम में कर अधीक्षक रह चुके हैं। वर्ष 2001 में पिता की मृत्यु होने पर हाउस आईडी अपने नाम करा ली। लेकिन अभिलेखों के पिता की आईडी नहीं काटी गई। इस वजह से उनके व पिता दोनों के नाम पर गृहकर के बिल भेजे जा रहे हैं। करीब पांच साल से खुद नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं।

### कॉलोनियों में दे रहे अवैध पानी के कनेक्शन

- विकल्प खंड-3 जन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष एसबी सिंह, आरके मौर्य समेत अन्य पदाधिकारियों ने बताया कॉलोनी में करीब 600 घरों को पाइप लाइन से जलापूर्ति होती है। जोकि पर्याप्त नहीं है। फिर भी मल्हौर रोड पर इस इंटरनल पाइप लाइन से जलकल कर्मियों की मिलीभगत से ठेकेदार अन्य कॉलोनियों में अवैध कनेक्शन दे रहे हैं। इससे उनके घरों पर प्रेशर न आने से पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है।



समस्या बताते विकल्प खंड-3 जन कल्याण समिति के पदाधिकारी।

### पिता की मृत्यु के बाद बुआ ने नाम कराया मकान

- पुरनिया से आए आकाश ने बताया कि उनका मकान बाबा शंभू यादव के नाम है। पिछले वर्ष पिता की मृत्यु हो गई। इस बीच मां के नाम मकान नामांतरण करने लिए नगर निगम में सभी दस्तावेज दिए। लेकिन, बुआ ने साठगांठ करके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मकान अपने नाम करवा लिया। जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

## महापौर ने चीफ इंजीनियर को लगाई फटकार

**अमृत विचार, लखनऊः** गोमती नगर में नगर निगम वर्कशॉप (आरआर) स्थित निर्माणाधीन नगर निगम मुख्यालय के नवीन भवन के कार्यों का शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने औचक निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में अवरोध बना पेट्रोल पंप स्थानांतरित न होने पर चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात को कड़ी फटकार लगाई। नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ कार्यों की प्रगति जानी। महापौर से कार्यदायी संस्था सीएनडीएस ने शिकायत की थी कि नवीन भवन का निर्माण पेट्रोल पंप और वर्कशॉप के स्थानांतरण में देरी के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इसे गंभीरता से लेकर उन्होंने निरीक्षण किया। संबंधित से स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर निगम की वर्कशॉप और उससे जुड़े पेट्रोल पंप को स्थानांतरित करने के निर्देश डेढ़ वर्ष पहले दिए थे। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जब समय रहते निर्णय ले लिया गया था फिर क्रियान्वयन में इतनी लापरवाही क्यों बरती गई। इसके अलावा जब 16 जुलाई 2024 को नगर विकास मंत्री एके शर्मा द्वारा भूमि पूजन किया गया था और उसी समय पेट्रोल पंप को हटाने के निर्देश दिए गए थे। फिर भी पंप नहीं हटाया गया। इससे निर्माण कार्य प्रभावित है। नवीन मुख्यालय भवन महत्वपूर्ण परियोजना है। चीफ इंजीनियर को फटकार लगाते हुए पेट्रोल पंप हटाने के निर्देश दिए।

## अब कोटेदार बनाएंगे आयुष्मान कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** अब जिले में कोटेदार भी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाएंगे। इसके बदले में उन्हें पारिश्रमिक के रूप में प्रति कार्ड पांच रुपये दिए जाएंगे। कोटेदारों से आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सीएमओ कार्यालय की ओर से उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही कोटेदारों के लिए आईडी और पासवर्ड तैयार किए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने में अब एएनएम, आशा बहू और पंचायत सहायक के साथ कोटेदार भी सहयोगी होंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोटेदारों को आईडी जारी किए जाने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी की तरफ से सभी कोटेदारों का विवरण उपलब्ध करा दिया गया है, ताकि उनका आईडी और पासवर्ड जारी किया जा सके। नए प्रावधान के अनुसार राशन कार्ड में छह यूनिट या उससे अधिक यूनिट वाले परिवारों के साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इससे पात्र परिवारों को अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा के लिए किसी अन्य केंद्र का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आईडी और पासवर्ड जारी होने के बाद कोटेदार आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शुरू कर सकेंगे। आयुष्मान के नोडल अधिकारी डॉ. विनय मिश्रा ने बताया कि आयुष्मान योजना में जो नए पात्र जुड़े हैं या जिनका किसी कारणवश आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है, उनकी सूची कोटेदारों को उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही सभी कोटेदारों का प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है। अब लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और वे अपने कोटेदार से संपर्क कर आसानी से आयुष्मान कार्ड बनवा सकेंगे।

# अंबेडकर के बैनर फाड़ने का विरोध, महापौर की गाड़ी के आगे लेटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नगर निगम मुख्यालय पर आजाद समाज पार्टी ने किया प्रदर्शन
- गाड़ी के सामने से न हटने पर महापौर कार्यालय लौटीं

**अमृत विचारः** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहर में लगाए गए डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र और विचार लिखे होल्डिंग व बैनर फाड़कर फेंकने का नगर निगम पर आरोप लगाया। शुक्रवार को मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए महापौर की गाड़ी के सामने लेटकर नारेबाजी की।

जिलाध्यक्ष अजय भारती एडवोकेट के नेतृत्व में लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय पर काफी संख्या में कार्यकर्ता एकजुट हुए। मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी की तरफ से शहरभर में बैनर/होल्डिंग लगाए हैं। उसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर व बहुजन समाज के अन्य लोगों के चित्र एवं विचार अंकित लिखे थे। जो नगर निगम जोन-6 के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने फाड़कर कूड़े में फेंककर अपमान किया है। जबकि उसी स्थान पर अन्य राजनीतिक दलों के बैनर/होल्डिंग लगे हैं। मामले की जांच कराकर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों की जाए।



महापौर के वाहन के समक्ष प्रदर्शन करते आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता।

# परीक्षा कक्ष में ले जा सकते हैं दवाएं, फल और सैंडविच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीटेट परीक्षा का फरवरी 2026 के लिए जारी हुआ प्रवेश पत्र
- देश के 140 शहरों में आज और कल होगी परीक्षा

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) फरवरी 2026 के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। सीबीएसई ने परीक्षा को पारदर्शी बनाए रखने के लिए अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। इस बार यह छूट दी गई है कि सीटेट के परीक्षार्थी यदि किसी बीमारी से ग्रस्त हैं और वे परीक्षा कक्ष में दवाएं, फल या सैंडविच ले जाना चाहते हैं तो इसकी अनुमति होगी, हालांकि इन्हें परीक्षा कक्ष निरीक्षक के पास जमा कराना अनिवार्य होगा। प्रवेश पत्र के अनुसार परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को डाउनलोड किया हुआ एडमिट कार्ड, एक वैध फोटो पहचान पत्र (आधार, पैन, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर आईडी), नीला या काला बॉल पेन तथा 500 एमएल की पारदर्शी पानी की बोतल ले जाना अनिवार्य होगा।

वहीं परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, पर्स, बैग, किताबें, नोट्स, खाने-पीने की अन्य वस्तुएं और प्रतिबंधित सामग्री ले जाने पर पूर्ण रोक रहेगी। परीक्षा के दौरान अनुशासन भंग करने, बातचीत करने या अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और भविष्य की परीक्षाओं से भी वंचित किया जा सकता है।

दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) अभ्यर्थियों के लिए लेखक (स्क्राइब) की सुविधा, अतिरिक्त समय एवं अन्य विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसके लिए सरकारी अस्पताल से जारी प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी टेट किया है अनिवार्य

- सीटेट परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह है, क्योंकि कुछ दिन पूर्व सर्वोच्च न्यायालय ने सेवारत शिक्षकों के लिए टेट पास होना अनिवार्य कर दिया है। जिन अभ्यर्थियों ने फरवरी 2026 सत्र की सीटीईटी परीक्षा के लिए आवेदन किया है, वे आधिकारिक वेबसाइट ctet.nic.in पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### एक दिन की जगह दो दिन होगी परीक्षा

- पहले यह परीक्षा 8 फरवरी को होनी थी, लेकिन देशभर से हुए रिकॉर्ड आवेदन करीब 25 लाख को देखते हुए इसे दो दिनों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों दिन परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 9.30 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

**सक्रियता**

### नवागत क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया आलमबाग बस स्टेशन का निरीक्षण, जाम से राहत के लिए तलाशे गए विकल्प

# बसों के जाम से आलमबाग को राहत दिलाने पहुंचे रोडवेज अफसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** आलमबाग में मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए प्रथम बार नोडल अफसर के साथ नवागत क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने आलमबाग बस स्टेशन का मुआयना किया। चारबाग बस अड्डा आलमबाग शिफ्ट होने के बाद नए क्षेत्रीय प्रबंधक ने निरीक्षण कर रोडवेज बसों से लगने वाले जाम से राहत के लिए विकल्प तलाशे। रोडवेज अफसरों और कर्मियों से बातकर बसों की रवानगी तय समय सारणी से कराने के निर्देश दिए। बसों को सड़क पर न रुकने दिया जाए।

बस स्टेशन में चारबाग बस स्टेशन प्रबंधन एवं आलमबाग बस स्टेशन प्रबंधन की ओर से अलग-अलग पूछताछ काउंटरों को एक किए जाने का भी निर्देश आरएम ने दिया। यही नहीं शालीमार की ओर से उपयोग किए जा रहे उपनगरीय डिपो कार्यालय को रिक्त किए जाने के साथ ही बस स्टेशन पर उच्चस्तरीय साफ सफाई रखे जाने का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए। दरअसल शुक्रवार को परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक शुक्रवार शाम औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान बसों से लगने वाले जाम में वह स्वयं फंस गए। रेंग रहे वाहनों के बीच से गुजरते हुए आरएम सहाय आलमबाग बस स्टैंड पर पहुंचे। उनके साथ नोडल अधिकारी संजीव कांत, एआरएम विधिक एमपी सिंह ने आलमबाग बस टर्मिनल पर यात्री सुविधाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। डिपो के अधिकारी और कर्मियों ने आरएम से कहा कि जाम की वजह बसों का बेड़ा यहां पर ज्यादा है।



निरीक्षण करते क्षेत्रीय प्रबंधक अमर नाथ सहाय, नोडल अधिकारी संजीव कांत व अन्य।

## पहले जान लें आपकी नगर बस कहां है... फिर निकलें घर से

- नगरीय परिवहन निदेशालय ने लागू की सिटी बसों की लाइव ट्रैकिंग की व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** अब लोगों को बस स्टॉप पर पहले से आकर नगर बस का इंतजार करने की जरूरत नहीं। नगरीय परिवहन निदेशालय ने सिटी बसों की लाइव ट्रैकिंग की व्यवस्था की है। यात्रियों के अमूल्य समय को बचाने के लिए निदेशालय ने एक एप लांच किया है। इसके माध्यम से यात्री घर बैठे ही नगर बस की लोकेशन और संबंधित रूट की जानकारी तत्काल प्राप्त कर लेगा और समय पर घर से निकलकर ''अपनी सिटी बस'' पकड़ सकेगा। उसे बेवजह स्टॉपेज पर खड़े होकर बस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

एलसीटीएसएल (लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक अमरनाथ सहाय ने बताया कि सिटी बसों की लाइव ट्रैकिंग की व्यवस्था लागू हो गई है।

निदेशालय की ओर से e-citybus up नाम से एक एप लांच कर दिया गया है। गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से इसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें नगर बस की यात्रियों को लाइव ट्रैकिंग दिखाई देगी। इससे न केवल सटीक समय की जानकारी होगी बल्कि कितनी देर में यह स्टॉपेज पर पहुंचेगी और बस कहां है, इसकी भी पूरी डिटेल यात्रियों को मोबाइल स्क्रीन पर पता चल जाएगी। एमडी नगर बस सहाय के मुताबिक इस एप में यात्रियों के सुझाव दिए जाने की भी सुविधा होगी ताकि नगरीय परिवहन व्यवस्था संचालन को अधिक सुदृढ एवं प्रभावी बनाया जा सके।

### सिटी बसों को स्टॉपेज पर रुकवाएं तब होगा एप का अधिक फायदा

- स्मार्ट सिटी के शहर में बनाए गए 40 बस शेल्टरों पर ई बसें रुकती नहीं हैं। बसों को तय बसें स्टॉपेज पर रुकने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। तब यूपी एप डाउनलोड करने का ज्यादा फायदा होगा। एप का सबसे ज्यादा फायदा स्कूल, कॉलेज और कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राओं को मिल सकेगा। इससे पहले चलो एप को भी लाने की कोशिश हुई थी।

## सिटी ब्रीफ

### वकील को रॉड व बेलचा से पीटा, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा के ग्राम खुर्रमपुर में जमीन की पैमाइश के दौरान अधिवक्ता पर जानलेवा हमला किया गया। वकील अभिषेक चौहान के मुताबिक उन पर आरोपियों ने रॉड, बेलचा और डंडे से ताबड़तोड़ वार किये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। बंथरा के खुर्रमपुर गांव निवासी अभिषेक चौहान के मुताबिक वह पिता के साथ गुरुवार की दोपहर प्लॉट की पैमाइश कराने के लिए गये थे। इसी दौरान अजय ने उन पर रॉड, बेलचा और डंडे से वार कर दिया। उन पर जान से मारने की नियत से हमला किया गया था। पीड़ित ने बताया कि पूरी घटना का वीडियो भी उनके पास मौजूद है। इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### पिता से नाराज किशोरी ने घर छोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** हुसैनगंज इलाके में रहने वाली किशोरी ने पिता की फटकार से नाराज होकर घर छोड़ दिया। पिता ने हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चारबाग के सुदामा पुरी निवासी संजय कुमार ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय बेटी बिना बताएं कहीं चली गई। पिता ने बीती 3 फरवरी की दोपहर किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। बेटी उस वक्त गुस्से में अपने कमरे में चली गई। दोपहर करीब तीन बजे वह बिना बताएं किसी को घर से निकल गई। देर शाम तक बेटी के घर न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। परिजनों ने आसपास, नाते रिश्तेदारों के यहां पता किया। लेकिन बेटी का कहीं भी पता नहीं चला।

### महिला के घर पथराव बेटे का सिर फटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग थाना क्षेत्र के कटरा मकबूलगंज इलाके में पड़ोसी युवक द्वारा महिला और उसके परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता गुड़िया सिंह के अनुसार, उनके घर के सामने रहने वाला युवक सलमान अक्सर घर के गेट के पास कूड़ा डालता था। मना करने पर वह गाली-गलौज करने लगा और चाकू से काट देने की धमकी दी, जिससे मोहल्ले में भय का माहौल बन गया। आरोप है कि रात करीब 10 बजे सलमान अपने 5-6 अज्ञात साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और गेट पर लात मारते हुए ईंट-पत्थरों से पथराव शुरू कर दिया।

# कोकीन व गांजा के अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आरोपियों के पास से कोकीन, गांजा, अफीम व ऑर्गेनिक गांजा बरामद
- एसटीएफ ने चारबाग रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार देर रात दबोचा


यश


राजकुमार चिका


राजकुमार


प्रभजीत


सैयद डाबर

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने अंतरराज्यीय कोकीन व गांजा तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गुरुवार देर रात चारबाग रेलवे स्टेशन के पास की गई कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में कोकीन, गांजा, अफीम और ऑर्गेनिक गांजा बरामद किया गया है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में दिल्ली और उत्तर प्रदेश के रहने वाले शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों में दिल्ली के महरौली जौनापुर चांदन होला गुर्जर वाली गली निवासी राजकुमार उर्फ चिका, राजकुमार, हुसैनगंज मस्जिद खान अली खां निवासी सैय्यद दावर अलवी, नाका हिंडोला के आर्यनगर निवासी प्रभजीत सिंह और गोरखपुर तारामंडल निवासी यश श्रीवास्तव उर्फ उत्तम शामिल हैं। एसटीएफ टीम ने आरोपियों के पास से 17 ग्राम कोकीन, 2 किलो गांजा, 1.5 किलो अफीम, 200 ग्राम ऑर्गेनिक गांजा, 8 हजार रुपये नकद और 5 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### स्कूल-कॉलेज के छात्रों व नाइट क्लब में करते थे सप्लाई

- पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दिल्ली से मादक पदार्थ लाकर लखनऊ में बेचते थे। गिरोह के सदस्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों को लक्ष्य बनाकर कोकीन और अन्य नशीले पदार्थों की सप्लाई करते थे। आरोपियों ने बताया कि छात्रों को डराकर उनका इस्तेमाल किया जाता था, ताकि गिरोह की जानकारी बाहर न जाए। पुलिस के मुताबिक आरोपी नाइट क्लब, पब और बार में भी बाउंसर और स्टाफ के जरिए नशे की सप्लाई करते थे। गिरोह पिछले करीब तीन वर्षों से सक्रिय था और हर महीने बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की सप्लाई की जाती थी। आरोपियों के खिलाफ हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सभी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और नेटवर्क के अन्य ठिकानों पर छापेमारी की जाएगी।

### ड्रेस कोड, तय जगह और मैसेज से डील

- डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के अनुसार, पूछताछ में सामने आया कि सौदे के लिए जगह पहले से तय होती थी और गिरोह का एक ड्रेस कोड भी होता था। कोकीन 8 से 10 हजार रुपये प्रति ग्राम की दर से बेची जाती थी। नाइट क्लब, पब और बार में बाउंसर, वेटर और स्टाफ के जरिए नशे की सप्लाई की जाती थी। तीन वर्षों से सक्रिय था गिरोह। इनके पास ग्राहकों की पूरी सूची होती थी और मैसेज के जरिए ऑर्डर लेकर माल की सप्लाई की जाती थी।

### दो करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

- **अमृत विचार, लखनऊ :** एंटी नारकोटिक्स टॉस्फ फोर्स (एएनटीएफ) वाराणसी और लखनऊ कमिश्नरेट की संयुक्त कार्रवाई में गोमती नगर विस्तार इलाके से हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 430 ग्राम हेरोइन बरामद किया। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपये है। संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी बाराबंकी का मोहम्मद खालिद है। पुलिस ने आरोपी के पास से 430 ग्राम हेरोइन, एक मोबाइल और पांच सौ रुपए बरामद किया। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर बरामद पदार्थ की पुष्टि हेरोइन के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बाराबंकी क्षेत्र से तस्करों से सस्ते दामों पर हेरोइन खरीदता था। उसके बाद छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर लखनऊ में खपा देता था। नशे के आदी छात्रों, युवकों को महंगे दामों में हेरोइन की आपूर्ति करता था। पुलिस आरोपी के मोबाइल में मिले नंबरों की जांच कर रही है। वहीं गिरोह में कितने सदस्य है। इसकी जानकारी जुटा रही है।

### शव मिला, नहीं हो सकी शिनाख्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी के अहिरन ढकवा के पास शुक्रवार को एक व्यक्ति अचेत पड़ा मिला। सूचना पर मिलने पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

पुलिस के अनुसार संजय समोसे वाले की दुकान के सामने 35 वर्षीय युवक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसने गुलाबी रंग की टी-शर्ट, काली टी-शर्ट, काला लोअर, और धारियों वाली हॉफ पैंट पहन रखी थी।

# बेकाबू डंपर ने बाइक सवारों को रौंदा, युवक की हुई मौत

## गोसाईंगंज के दाऊदपुर गांव के पास हादसा, चचेरा भाई भी घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोदभराई कर वापस जाते समय चचेरे भाई के साथ बाइक से जा रहा था घर




**अमृत विचार:** गोसाईंगंज के दाऊदपुर गांव के पास शुक्रवार दोपहर में किसान पथ पर बेकाबू डंपर ने बाइक सवार चचेरे भाइयों को रौंद दिया। हादसे में नवी खेडा निवासी अजीत कुमार (24) की मौत हो गई। वहीं उसका चचेरा भाई सनी (22) गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक अजीत चला रहा था। पुलिस ने घायल सनी को ट्रामा-2 में भर्ती कराया है। हादसे के वक्त अजीत की गोदभराई कराकर दोनों घर वापस जा रहे थे। हादसा होते ही किसान पथ पर जाम लग गया। एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने यातायात सुचारू कराया।

पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज के नवी खेडा निवासी अजीत कुमार की उदय पुर समेसी में गोद भराई का कार्यक्रम था। अजीत अपने चचेरे भाई सनी के साथ किसान पथ सर्विस लेन के रास्ते सेवई से अपने घर नवी खेडा की ओर उल्टी दिशा से आ रहा था। तभी दाऊदपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उसे रौंद दिया।

घटना में बाइक चला रहे अजीत की मौके पर मौत हो गई। पीछे बैठा चचेरा भाई सनी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद किसान पथ सर्विस लेन पर जाम लग गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए ट्रामा-2 भिजवाया। पुलिस के मुताबिक हादसे के वक्त बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहन रखी थी। हादसे में अजीत के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई। चालक डंपर लेकर भाग निकला।

### खुशियों के माहौल में पसरा मातम का सन्नाटा

- अजीत की शादी तय हो गई थी। पूरा परिवार खुश था। गोदभराई की रस्म पूरी करने के लिए पूरा परिवार उदयपुर समेसी गया था। 23 फरवरी को शादी होनी थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद अजीत चचेरे भाई सनी के साथ बाइक से घर के लिए निकल गया। कुछ ही देर में खुशियों के माहौल वाले घर में अजीत के मौत की मनहूस खबर पहुंची। घर में मातम पसरा गया। हर तरफ चीखपुकार मची थी।

### ऑटो चालक का मोबाइल लूटा, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा इलाके में दो युवकों ने अस्पताल में भर्ती मां से बात करने का झांसा देकर ऑटो चालक से मोबाइल लूट लिया। पीड़ित राम सहारे के ऑटो पर 10 जनवरी दो युवक सवार हो गए और उन्होंने चालक से कहा कि उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती मां से से बात करनी है। ऑटो चालक ने अपना मोबाइल उन्हें दे दिया। जैसे ही ऑटो रुका, दोनों युवक मोबाइल लेकर भाग निकले।



अयोध्या रोड पर लगा जाम बना राहगीरों के लिए मुसीबत। अमृत विचार

# मृत पिता को जिंदा दिखा लेते रहे पेंशन, पांच पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साजिश में पिता-पुत्र व बाबा शामिल विभागीय जांच के बाद बंद हुई पेंशन
- सात वर्ष तक लिया वेतन, फिर बनवाया फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

**अमृत विचार:** कैसरबाग निवासी राम बहादुर व उनके तीन बेटे फर्जी दस्तावेज के आधार पर मृत पिता पुत्ती लाल को जिंदा दिखाकर सरकार से पेंशन लेते रहे। इसका खुलासा हुआ तो आनन-फानन फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर विभाग में दाखिल कर दिया। भतीजे को जानकारी हुई तो जांच कराई। जांच के बाद कैसरबाग कोतवाली में भतीजे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। इस साजिश में पिता-पुत्र और बाबा शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीकेटी के तारनपुर पहाड़पुर निवासी आयुष कुमार के मुताबिक उनके ताऊ पुत्ती लाल लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी थे। वह 2002 में रिटायर्ड हुए। उनकी मौत 23 दिसंबर 2017 में हो गई थी। आरोप है कि आर्थिक लाभ उठाने के लिए पुत्तीलाल के बेटे रामबहादुर व उनके पोते अभिषेक, विवेक और विशाल ने षड्यंत्र रचा। आरोपियों ने ताऊ को दस्तावेजों में वर्ष 2023 तक जीवित दिखाया। फिर रामबहादुर ने अपने ताऊ चुन्नीलाल को पिता जगह दर्शा कर उनका अंगूठा लगवाकर पेंशन लेते रहे। आयुष ने बताया कि चुन्नीलाल को जब धोखाधड़ी की जानकारी हुई तो उन्होंने लविवि में शपथ पत्र दिया। पेंशन विभाग की टीम के जांच शुरू करने पर सामने आया कि उनके ताऊ पुत्तीलाल के तीन मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए थे। इसके जरिये आरोपियों ने करीब सात साल तक पेंशन का लाभ उठाया। मामले की शिकायत कैसरबाग पुलिस से की गई। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक आयुष की तहरीर के आधार पर रामबहादुर, उसके चाचा चुन्नी लाल, राम बहादुर के बेटे अभिषेक, विवेक और विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# एसबीआई का शटर बंद कर प्रदर्शन, हंगामा

संवाददाता, काकोरी

- भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई ठगी का मामला
- पुलिस के दखल से खुला शटर शुरू हुआ काम

**अमृत विचार:** काकोरी में भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई ठगी के पीड़ित ग्राहकों ने रकम वापसी को लेकर शुक्रवार को फिरसे प्रदर्शन हुआ। ग्राहकों ने फिर बैंक का शटर बन्द कर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित ग्राहकों को जल्द रकम वापसी का आश्वासन देकर शांत कराया।

ग्राहक सेवा केंद्र पर आरोपी संचालक नरेंद्र कुमार ने करीब 131 ग्राहकों के साथ धोखाधडी करके लाखो रुपये हड़प लिये। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ग्राहकों ने बैंक पर शिकायत की। जिस पर बैंक ने ग्राहक सेवा केंद्र को बंद कर दिया । रकम वापसी को लेकर पीड़ित ग्राहकों ने कई बार बैंक शाखा पर शटर बन्द करके विरोध किया ।बैंक प्रशासन ने ग्राहकों को 2 फरवरी तक पीड़ितों की रकम वापसी का आश्वासन दिया था। लेकिन रकम न मिलने पर पीड़ितों ने एक बार फिर शुक्रवार को सुबह बैंक पहुंच कर शटर बन्द करके विरोध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित पीड़ितों को शांत कराया।

# थार में लिफ्ट के बहाने लूट करने वाले गिरोह का खुलासा, सात गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- थार से लिफ्ट देकर शिक्षक टैंकर चालक और निजी कंपनी के कर्मचारी से की थी वारदात
- आशियाना के ट्रैवेल संचालक से पांच हजार रुपये में किराये पर थार ले करते थे वारदात
- सैरपुर पुलिस क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने किया खुलासा

**अमृत विचार:** थार में लिफ्ट देकर लोगों को अगवा कर लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा सैरपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को किया। इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी आशियाना के ट्रैवेल एजेंसी संचालक से पांच हजार रुपये में प्रतिदिन किराये पर थार लेते थे। उसी से राजधानी में घूमकर वारदात को अंजाम देते थे। लूट के माल में संचालक को भी हिस्सा देते थे। पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन वारदात का खुलासा किया। इसमें आरोपियों द्वारा शिक्षक, टैंकर चालक और निजी कंपनी के कर्मचारी को अगवा कर लूट करने की वारदात शामिल है।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रुणवाल के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में सुशांत गोल्फ सिटी के सेवई गांव का ऋषभ गोस्वामी, उसका पड़ोसी अक्षय कुमार, आलोक, गोरखपुर के सहजनवा कोडरा का शुभम पांडेय, रायबरेली रोड मोहीद्दीनपुर का ज्ञानी, रामसफल रावत और हैदरगढ़ बाराबंकी का ऋषभ पांडेय है। ऋषभ पांडेय आशियाना में जस्ट बुक योर कार के नाम से ट्रैवेल एजेंसी चलाता है। पुलिस टीम ने गुरुवार रात किसानपथ लोधमऊ अंडरपास के पास से थार सवार ऋषभ गोस्वामी, अक्षय, आलोक और शुभम को पकड़ा गया था। आरोपियों के पास से लूट के 40,130 रुपये, दो मोबाइल फोन, दो तमंचे और वारदात में प्रयुक्त थार गाड़ी बरामद किया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में गिरोह के सदस्य।

### वारदात के समय थार के नंबर को ढंक देते थे आरोपी

- एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह के मुताबिक आरोपी थार की नंबर प्लेट ढक कर वारदात को अंजाम देते थे। गिरोह को पकड़ने के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पड़े। एक फुटेज में किसानपथ के पास नंबर प्लेट बदलते दिखे। वहीं से पुलिस को सुराग मिला। पहले चार को पकड़ा गया। उसने पूछताछ में ट्रैवेल एजेंसी संचालक और दो अन्य के बारे में जानकारी मिली थी।

### नशे और शौक पूरे करने के लिए करते थे वारदात

- इंस्पेक्टर मड़ियांव व क्राइम ब्रांच शिवानंद मिश्रा के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में ट्रैवेल एजेंसी संचालक को छोड़कर बाकी छह मजदूरी करते थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह नशे और अपने शौक पूरे करने के लिए लूटपाट की वारदात को अंजाम देते थे। बदमाशों में ऋषभ गोस्वामी के खिलाफ सात, अक्षय पर पांच मामले दर्ज हैं। यह दोनों शातिर थे। गिरोह का सरगना ऋषभ गोस्वामी था। लूट के माल में ट्रैवेल एजेंसी संचालक ऋषभ पांडेय को भी हिस्सा देते थे।


बरामद थार

### इन वारदातों को दिया था अंजाम

- 30 जनवरी को चिनहट हसन विहार कालोनी में रहने वाले शिक्षक बलराम पटेल को कमता से थार में लिफ्ट देकर बैठाया। जमकर पीटा मोबाइल और 500 रुपये लूटकर बीकेटी में किसानपथ पर फेंका।
- तीन फरवरी को स्कूटर इंडिया चौराहे से थार सवार इन बदमाशों ने कानपुर रावतपुर सय्यद नगर के रहने वाले फिदा हुसैन को लिफ्ट देकर बैठाया। जमकर पीटा 5400 रुपये, मोबाइल लूटा और एक लाख रुपये आनलाइन ट्रांसफर कराया। लूटकर कानपुर देहात रनिया में फेंका।
- एक फरवरी को कानपुर के घाटमपुर निवासी टैंकर चालक हृदय नारायण को लिफ्ट देकर थार में बैठाया। असलहा लगाकर जमकर पीटा बंधक बना कर हाथ पैर बांध दिए। 60 हजार रुपये लूटकर सैरपुर में फेंका।

## अपराध

**काकोरी के कारोबारी को निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर फंसाया, आरोपियों ने कारोबारी को दिखाए फर्जी दस्तावेज**

# ट्रेडिंग के नाम पर 90 लाख की ठगी, छह पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** काकोरी थाने में कारोबारी धर्मेंद्र सिंह ने ट्रेडिंग और निवेश के नाम पर 90 लाख रुपये की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज दिखाकर उन्हें झांसे में लिया और रकम हड़प ली। पीड़ित के अनुसार रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने धमकी भी दी। पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जसाला निवासी धर्मेंद्र सिंह के मुताबिक सितंबर 2024 में उनकी मुलाकात बलजीत सिंह और राजेंद्र सिंह के माध्यम से विकास जागड़ा, रोशन लाल जागड़ा, बिरमा राम उर्फ ललित और उषा रानी से हुई थी। आरोपियों ने बताया कि विकास जागड़ा 'वे वन वन एफएक्स.कॉम' नाम की कंपनी चलाते हैं और 'यम बिल्डर्स' के जरिए ट्रेडिंग व अन्य व्यवसायों में निवेश पर अच्छा मुनाफा दिलाते हैं। उन्होंने खुद को कंपनी का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हेड बताते हुए दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) में काम मिलने का भी दावा किया।

इन बातों पर भरोसा कर पीड़ित ने अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच करीब 90 लाख रुपये निवेश कर दिए। इसमें 75 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से और 15 लाख रुपये नकद दिए गए। लाभ न मिलने पर आरोपियों ने पीड़ित को दुबई बुलाकर कंपनी में पार्टनर बनाने का प्रस्ताव दिया, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया और अपनी रकम वापस मांगी।

पीड़ित ने घटना की सूचना काकोरी थाने में दी और पुलिस कमिश्नर से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट के आदेश पर काकोरी थाने में छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पांच करोड़ और निवेश का बनाया दबाव, दी धमकी

- पीड़ित के अनुसार 25 जुलाई 2025 को जांच करने पर पता चला कि दिल्ली मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े दस्तावेज पूरी तरह फर्जी थे और उन्हें धोखे में रखकर ठगा गया है। जब उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही तो 16 अगस्त 2025 को मड़ियांव थाना क्षेत्र में आरोपियों ने उनसे मुलाकात कर पांच करोड़ रुपये और निवेश करने का दबाव बनाया। इंकार करने पर गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।

### सिम क्लोनिंग कर 4.18 लाख ठगे, एफआईआर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर बादशाहनगर रेलवे कालोनी निवासी आशुतोष अग्निहोत्री से साइबर जालसाजों ने सिम क्लोनिंग के माध्यम से 4 .18 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित ने महानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशुतोष अग्निहोत्री के मुताबिक 4 फरवरी को दोपहर 1 :22 बजे से रात करीब 9 बजे तक उनका जियो सिम अचानक सस्पेंड हो गया था। इसी दौरान उनके यूनियन बैंक खाते से 4,18,198 रुपये की धोखाधड़ी कर निकासी कर ली गई। पीड़ित को संदेह है कि उनके सिम को क्लोन कर यह साइबर फ्रॉड किया गया है। आशुतोष अग्निहोत्री ने बताया कि जब उन्होंने सिम पिन बदलने का प्रयास किया तो रॉन्ग सिम पिन दिखाया गया। उन्होंने कभी सिम पिन नहीं बदला था। पीड़ित ने महानगर थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### व्हाट्सएप ट्रेडिंग ग्रुप से जोड़ ठगे 11.96 लाख, रिपोर्ट

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज इलाके में रहने वाले रविंद्र कुमार तिवारी को साइबर जालसाजों ने व्हाट्सएप ट्रेडिंग ग्रुप से जोड़कर निवेश के नाम पर 11.96 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलीगंज के इंद्रा नगर निवासी रविंद्र कुमार तिवारी के मुताबिक, 24 नवंबर 2025 को उन्हें "जय ब्रोकिंग ऑन लाइन ट्रेडिंग" नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में खुद को कस्टमर सर्विस बताने वाले लोग शेयर ट्रेडिंग और ऑनलाइन निवेश से भारी मुनाफा कमाने का लालच देते थे। रोजाना फर्जी मुनाफे के स्क्रीनशॉट और संदेश भेजकर सदस्यों को निवेश के लिए प्रेरित किया जाता था। ठगों ने एक लिंक भेजकर फर्जी ट्रेडिंग मोबाइल एप डाउनलोड कराई और केवाईसी अपडेट के नाम पर व्यक्तिगत जानकारी हासिल की। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए 5 से 10 हजार रुपये का निवेश कराकर एप पर नकली लाभ दिखाया गया। इसके बाद अलग-अलग लिंक और खातों के माध्यम से कुल 11,96,000 रुपये एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यस बैंक, करूर वैश्य बैंक, सेंट्रल बैंक और इंडसइंड बैंक के खातों में ट्रांसफर करा लिए गए। 16 जनवरी को पीड़ित को ग्रुप से बाहर कर दिया गया और कॉल व मैसेज भी ब्लॉक कर दिए गए। ठगी का अहसास होने पर साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई, इसके बाद अलीगंज थाने में तहरीर दी गई, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वकील से मकान दिलाने के नाम पर 19.50 लाख ठगे, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फर्जी दस्तावेज दिखाकर एलडीए का मकान दिलाने का किया सौदा

**अमृत विचार:** वजीरगंज थाने में वकील ने मकान के नाम पर 19.50 लाख रुपये की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि वकील सर्वेश मिश्रा से रिचा श्रीवास्तव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव व संतोष कुमार श्रीवास्तव ने फर्जी दस्तावेज दिखाकर मकान दिलाने का वादा किया। इसके बाद रकम हड़प ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वकील सर्वेश मिश्रा के मुताबिक आरोपियों ने जानकीपुरम स्थित एक एलडीए मकान 25 लाख रुपये की कीमत बताकर 20 लाख रुपये में दिलाने का लालच दिया। आरोपियों ने मकान को अपने रिश्तेदार का बताते हुए फर्जी कूटरचित दस्तावेज उपलब्ध कराए। विश्वास में आकर अधिवक्ता ने अलग-अलग तिथियों में करीब 18 लाख रुपये बैंक खातों में ट्रांसफर किए और 1.50 लाख रुपये नकद दिए। बाद में सौदे के मुताबिक भुगतान के बदले आरोपियों ने लगभग 19 लाख रुपये के चेक दिए, जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गए।

आरोप है कि तीनों ने मिलकर साजिश रचकर रुपये हड़पे हैं। आरोप है कि तीनों के अपराधियों से संबंध है। कई बार वजीरगंज थाने में शिकायत पर, कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों ने शिकायत करने के बाद जान से मारने की धमकी दी और परिवार की रेकी कराई। पीड़ित के मुताबिक थाने व पुलिस के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न करने पर मुख्यमंत्री से शिकायत की। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला वकील से निवेश के नाम पर ठगी, एफआईआर




- **अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर के विष्णुलोक कालोनी निवासी यशी पांडेय पेशे से वकील है। उनसे साइबर जालसाजों ने निवेश पर मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 28 हजार रुपये ठग लिये। पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता के अनुसार, व्हाट्सएप और टेलीग्राम एप के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर उनसे विभिन्न व्यक्तियों के खातों में कुल 28,000 रुपये ट्रांसफर कराए गए। इसके बाद रकम वापस करने के लिए ठगों ने 50,000 रुपये और जमा कराने की मांग की, जिससे उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने साइबर क्राइम सेल लखनऊ और 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# लखनऊ की तरह कूड़ा निस्तारित करेगा बीएमसी

## बॉम्बे हाईकोर्ट की मॉनिटरिंग कमेटी ने पीसीटीएस और एफसीटीएस को सराहा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



भैसौरा स्थित एफसीटीएस में निरीक्षण के दौरान नगर निगम अधिकारियों के साथ बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा गठित मॉनिटरिंग कमेटी।

**अमृत विचार :** बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा गठित मॉनिटरिंग कमेटी ने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को भैसौरा स्थित नगर निगम के फिक्स्ड कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन (एफसीटीएस) और शिवरी कूड़ा निस्तारण प्लांट का निरीक्षण किया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का अध्ययन करके प्रबंधन की प्रक्रिया जानी।

मॉनिटरिंग कमेटी ने अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान तथा एसएफआई जितेंद्र वर्मा के साथ सबसे पहले भैसौरा स्थित एफसीटीएस का निरीक्षण किया। नगर निगम लखनऊ की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि आबादी वाले क्षेत्र में पीसीटीएस और एफसीटीएस की स्थापना के बावजूद किसी प्रकार की दुर्गंध न होना एक सराहनीय पहल है। इसे एक नवाचार बताते हुए बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) में भी इस मॉडल को अपनाने पर विचार करेंगे। मॉनिटरिंग कमेटी ने शिवरी कूड़ा निस्तारण प्लांट का अवलोकन किया। यहां कमेटी के सदस्यों ने फ्रेश वेस्ट और लेगेसी वेस्ट की रीसाइक्लिंग प्रक्रिया को विस्तार से समझा। साथ ही दुर्गंध रोकने के लिए किए जा रहे छिड़काव कार्य की भी सराहना की। कमेटी ने नगर निगम द्वारा नारियल के खोल से तैयार की जा रही रस्सी और गमलों, जैविक खाद निर्माण तथा अन्य नवाचारों की भी प्रशंसा की।

**भ्रमण**

- **नारियल के खोल की रस्सी गमले, जैविक खाद जैसे नवाचार भी अपनाएगा**

### मॉनिटरिंग कमेटी में ये अधिकारी शामिल

- मॉनिटरिंग कमेटी में चेयरमैन, मॉनिटरिंग कमेटी (कंजूर) एवं आईएएस (सेवानिवृत्त) उमाकांत डांगट, अतिरिक्त नगर आयुक्त (आईएएस), बृहन्मुंबई महानगरपालिका डॉ. विपिन शर्मा, सीनियर रीजनल ऑफिसर, महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सुजीत धोलम, सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट, वेस्ट मैनेजमेंट वर्टिकल, सीएसआईआर–नीरी डॉ. गणेश काले, प्रोफेसर आईआईटी बॉम्बे डॉ. अनुराग गर्ग, याचिकाकर्ताओं के प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा तथा डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर (एसडब्ल्यूएम) बीएमसी किरण दिघावकर शामिल रहे। इसके अलावा संयुक्त सचिव, शहरी विकास विभाग, महाराष्ट्र शासन विद्या हम्पय्या, चीफ इंजीनियर (एसडब्ल्यूएम) प्रोजेक्ट बीएमसी प्राचीती देसाई, डिप्टी चीफ इंजीनियर (एसडब्ल्यूएम) प्रोजेक्ट अजय पाटिल, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (एसडब्ल्यूएम) प्रोजेक्ट कंजूर अवधूत पुजारी, असिस्टेंट इंजीनियर (एसडब्ल्यूएम) प्रोजेक्ट कंजूर दीपक आहिरे तथा कंसल्टेंट संस्था केपीएमजी के प्रतिनिधि सतीश सिंह भी मौजूद रहे।

### प्लास्टिक और गंदगी पर 21 चालान, 34,400 जुर्माना

- **अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ 34,400 रुपये जुर्माना वसूला। वहीं, 21 दुकानदारों के चालान किए।जोन–3 के अंतर्गत जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में टीम ने मुख्य मार्ग गोल मार्केट चौराहा से करामत मार्केट तक पॉलीथीन और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ 13 चालान किए और 16,900 जुर्माना वसूला। वहीं, प्रतिबंधित पॉलीथीन मिलने पर आठ चालान करते हुए 8 हजार रुपये जुर्माना लगाया। इस क्रम में जोन–7 के अंतर्गत जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत कुमार राय के नेतृत्व में आर्यन चौराहा, कुर्सी रोड, मामा चौराहा एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिबंधित पॉलीथीन और गंदगी के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान गुड मीट शॉप, लक्की मिष्ठान, अभिषेक डेरी, मारवाड़ी जनरल स्टोर और स्पाइसी बाइट समेत कई प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर कार्रवाई की। कुल 1.1 किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त की। पॉलीथीन पर 7 हजार व गंदगी फैलाने पर 2,500 रुपये जुर्माना वसूल किया।

### हटाया अतिक्रमण, 6,400 रुपये जुर्माना

- नगर निगम जोन–3 क्षेत्र में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के निर्देश में 296 प्रवर्तन दल एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने निशातगंज करामत मार्केट के सामने अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। सड़क और फुटपाथ पर से अस्थाई दुकान, फर्नीचर, फल एवं सब्जी की गुमटियां हटाकर सामान जब्त किया। इस क्रम में जोन–5 अंतर्गत अवध चौराहे से वीआईपी रोड पकरी ढाल होते हुए बंगला बाजार चौराहे तक सड़क की दोनों पटरियों पर अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण पर 900 रुपये, गंदगी और प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग पर 5,500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया। जोन–7 में भी जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में शालीमार चौराहे से शेखर अस्पताल तक, सुषमा अस्पताल से हाईकोर्ट के सामने तक तथा भूतनाथ मार्केट से फूल मंडी तक अतिक्रमण हटाकर सामान जब्त किया।

# राम सागर मिश्र हॉस्पिटल बनेगा पैथोलॉजी हब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **तीन अस्पतालों के सैंपल की होगी जांच, मरीजों को मोबाइल पर मिलेगी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** बीकेटी साढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र हॉस्पिटल अब हॉस्पिटल स्पोक एंड हब मॉडल के तहत तीन अन्य सरकारी अस्पतालों के पैथोलॉजी सैंपल की जांच करेगा। जांच रिपोर्ट सीधे मरीजों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी, जिससे मरीजों को रिपोर्ट के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह सुविधा सोमवार से शुरू होगी।

हॉस्पिटल प्रशासन के अनुसार इस योजना में ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय, महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल और चिनहट का 50 बेड हॉस्पिटल शामिल किया गया है। कैंसर, थायराइड, हृदय, किडनी, विटामिन बी-12, डायबिटीज समेत कई गंभीर बीमारियों की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर होने की जरूरत नहीं पड़ेगी और समय पर बीमारी का पता लगाया जा सकेगा।

हॉस्पिटल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि वर्तमान में स्पोक एंड हब मॉडल के तहत आठ अस्पतालों के ब्लड सैंपल की जांच की जा रही है। इनमें सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर शामिल हैं। अब इस व्यवस्था से तीन और अस्पतालों को जोड़ा जा रहा है। फिलहाल प्रतिदिन 500 से अधिक मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच की जा रही है। सैंपल की जांच पूरी होते ही रिपोर्ट मरीजों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी। इसके साथ ही मरीज संबंधित अस्पताल से रिपोर्ट की हार्ड कॉपी भी प्राप्त कर सकेंगे।

### ये प्रमुख जांचें होंगी

- ओवेरियन कैंसर, सीए 19.9 (पैंक्रियाटिक कैंसर), एलएच, एफएसएच, प्रोलैक्टिन, प्रोस्टेट कैंसर स्क्रीनिंग, बीटा एचसीजी, इंसुलिन टेस्ट, हार्ट अटैक व कार्डियक प्रोफाइल, आयरन प्रोफाइल, विटामिन डी, विटामिन बी–12, एचबीए1सी, एंटी टीपीओ, थायराइड, थैलेसीमिया, वायरल मार्कर और यूरिन कल्चर।

# विजय और अभ्युदय के दम पर एमएफपीसीए ने दर्ज की बड़ी जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **सी डिवीजन फाइनल में सिंड्रा क्लब को छह विकेट से हराकर हासिल किया बी डिवीजन का टिकट**



**अमृत विचार :** मल्टी फैसिलिटी प्रोफेशनल क्रिकेट एरीना (एमएफपीसीए) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बीबीडी लीग के सी डिवीजन का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में एमएफपीसीए ने सिंड्रा क्रिकेट क्लब को छह विकेट से शिकस्त देकर अगले सत्र के लिए बी डिवीजन में प्रवेश सुनिश्चित कर लिया। अब टीम आगामी सत्र में बी डिवीजन में भी चैंपियन बनने के इरादे से मैदान में उतरेगी। फाइनल मुकाबला जीसीआरजी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिंड्रा क्रिकेट क्लब की टीम एमएफपीसीए के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 49.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 158 रन ही बना सकी। सिंड्रा की ओर से कप्तान व विकेटकीपर अर्पित गोस्वामी ने 43 रन, वैभव तिवारी ने 45 रन और गौतम वर्मा ने 34 रनों का योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। एमएफपीसीए की जीत की नींव विजय यादव की घातक गेंदबाजी ने रखी, जिन्होंने 12.2 ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट चटकाए। पौरुष मिश्रा को तीन और राघवेंद्र कनौजिया को दो विकेट मिले।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएफपीसीए की टीम ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 34 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सलामी बल्लेबाज अभ्युदय प्रताप सिंह ने नाबाद 91 रनों की शानदार पारी खेली और टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। विजय यादव की प्रभावी गेंदबाजी और अभ्युदय प्रताप सिंह की दमदार बल्लेबाजी के दम पर एमएफपीसीए ने सी डिवीजन में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया और बी डिवीजन में कदम रखा।

# नए स्वास्थ्य महानिदेशक से मिले महासंघ के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



स्वास्थ्य महानिदेशक को गुलदस्ता देकर बधाई देते पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नवनियुक्त स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण से शिष्टाचार भेंट की। स्वास्थ्य भवन पहुंचकर महासंघ पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और स्वास्थ्य महानिदेशक पद की जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी।

इस दौरान महासंघ के जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा और प्रवक्ता सुनील कुमार ने कर्मचारियों से जुड़ी लंबित समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कई मांगें लंबित हैं, जिनका समाधान जरूरी है। स्वास्थ्य महानिदेशक ने महासंघ पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए शासन और मुख्यालय स्तर से हर संभव प्रयास किए जाएंगे और मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर महासंघ के जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा, प्रवक्ता सुनील कुमार, महामंत्री कमल श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव सर्वेश पाटिल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण सचान व सत्य प्रकाश, स्वास्थ्य महानिदेशालय मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के महामंत्री ज्ञान प्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेश यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सीटी स्कैन ठप होने से मरीज हुए परेशान

- **अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल में शुक्रवार को सीटी स्कैन मशीन के बार–बार गर्म होकर बंद हो जाने से कई मरीजों की जांच नहीं हो सकी। हालात यह रहे कि कुछ मरीजों को दो से तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा, जबकि कई मरीजों को बिना जांच किए ही अगले दिन की तारीख देकर लौटना पड़ा। बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन चार हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी, इमरजेंसी और भर्ती मरीजों को मिलाकर हर दिन औसतन 40 से 50 मरीजों की सीटी स्कैन जांच होती है। शुक्रवार सुबह से जांच शुरू कर दी गई थी, लेकिन मशीन के बार–बार बंद होने के कारण दोपहर तक केवल करीब 15 मरीजों की ही जांच हो सकी। सीटी स्कैन कराने पहुंचे मरीजों को एक से डेढ़ घंटे तक कतार में इंतजार करना पड़ा। इसके बावजूद कई मरीजों की जांच नहीं हो सकी और उन्हें अगली तारीख देकर वापस भेज दिया गया। इससे मरीजों और उनके तीमारदारों में खासा नाराजगी देखी गई। अस्पताल के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि मशीन के अधिक गर्म होने की जानकारी कर्मचारियों द्वारा दी गई थी। जांच में सामने आया कि सीटी स्कैन कक्ष का एसी खराब था। एसी की मरम्मत के निर्देश दे दिए गए हैं। एसी के सही ढंग से न चलने के कारण ही मशीन बार–बार गर्म होकर बंद हो रही थी।

## गैरहाजिर कर्मचारियों से हुई पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अस्पतालों और सीएचसी से डॉक्टर-कर्मचारियों के गैरहाजिर रहने का मामला**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के अधीन अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में संविदा पर कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों की बिना सूचना गैरहाजिरी व कार्य में लापरवाही के मामलों को लेकर शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में सुनवाई की गई। गठित कमेटी के समक्ष डॉक्टरों और कर्मचारियों ने अपने बयान दर्ज कराए। हालांकि, दो कर्मचारी कमेटी के सामने उपस्थित नहीं हुए। कमेटी ने सभी मामलों की सुनवाई के बाद रिपोर्ट तैयार की है, जिसे जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके आधार पर लापरवाह डॉक्टरों और कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने की संस्तुति की जाएगी।

**रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल की दो महिला डॉक्टरों पर शिकायत :** रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल से दो महिला डॉक्टरों और एक लैब टेक्नीशियन के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। दोनों डॉक्टरों पर अनुशासनहीनता और कार्य में लापरवाही के आरोप हैं, जबकि लैब टेक्नीशियन बिना सूचना लंबे समय से ड्यूटी से अनुपस्थित हैं, जिससे पैथोलॉजी जांच का कार्य प्रभावित हो रहा है।

### काकोरी की स्टाफ नर्स महीनों से गायब

- काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक स्टाफ नर्स के कई महीनों से ड्यूटी पर न आने का मामला भी सामने आया है। इसके अलावा शहर के अन्य सरकारी अस्पतालों में तैनात कुछ कर्मचारी भी बिना सूचना मरीजों को सेवाएं देने नहीं पहुंच रहे थे। इन सभी को नोटिस जारी कर सीएमओ कार्यालय तलब किया गया था। पहले दिन कमेटी के समक्ष आठ कर्मचारियों को बुलाया गया था, जिनमें से दो कर्मचारी उपस्थित नहीं हुए। कमेटी ने उपस्थित डॉक्टरों और कर्मचारियों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

### जिला स्वास्थ्य समिति लेगी अंतिम फैसला

- सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि कमेटी की रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य समिति के सामने रखी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर लापरवाह डॉक्टरों और कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।



करंट से झुलसा कमलेश।

# मंदबुद्धि ने खंभे पर चढ़ पकड़ा हाइटेंशन तार, झुलसा

**अमृत विचार, लखनऊः** माल के ग्राम पंचायत झब्बा खेड़ा गांव निवासी 36 वर्षीय मंदबुद्धि कमलेश ने विद्युत पोल पर चढ़कर तार पकड़ लिए। जिससे कमलेश झुलस गया। पत्नी सत्यवती के मुताबिक, शुक्रवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे पति कमलेश घर के बाहर लगे विद्युत पोल पर चढ़ गया, तार पकड़ लिया। थोड़ी देर पर खंभे से नीचे गिर गया। लाइन के चपेट में आने से कमलेश झुलस गया। परिजन उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। पत्नी सत्यवती ने बताया कि पति कमलेश का लगभग पांच वर्ष से दिमागी हालत ठीक नहीं है। उसके दो छोटे छोटे बच्चे भी हैं। पत्नी ने यह भी बताया कि चाचा के पोते का मुंडन था। सभी खुशनुमा माहौल में थे। अचानक इस घटना से अफरा तफरी मच गई।

# उत्कृष्ट कार्य पर एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **20 एएनएम, 50 आशा व पांच आशा संगिनियों को सीएमओ ने दिए प्रशस्ति पत्र**



आशा कार्यकर्ता को प्रशस्ति पत्र देते सीएमओ।

**अमृत विचार :** जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 20 एएनएम, 50 आशा कार्यकर्ताओं एवं पांच आशा संगिनियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सीएमओ ने सभी सम्मानित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आशा कार्यकर्ता और एएनएम स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और प्रसवपूर्व देखभाल जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका के कारण ही स्वास्थ्य सूचकांकों में निरंतर सुधार संभव हो सका है।

उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु दर, नवजात, शिशु एवं बाल मृत्यु दर में आई कमी के पीछे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान है। इसके साथ ही संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, जनजागरूकता तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भी इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीसीपीएम सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोज 12 हजार कदम चलना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कम नमक, संतुलित आहार और मोबाइल से दूरी ही दिल की बीमारियों से बचाव का मंत्र**
- **लोहिया संस्थान में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी**

**अमृत विचार :** दिल और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कम से कम 12 हजार कदम पैदल चलना चाहिए। इसे एक साथ पूरा करना जरूरी नहीं, बल्कि सुबह, दोपहर और शाम में दो से तीन हिस्सों में भी बांटा जा सकता है। साथ ही नमक का सेवन कम करें, प्रोटीन युक्त भोजन ले यह सलाह डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कॉर्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने दी।

वह शुक्रवार को लोहिया संस्थान के प्रेक्षागृह में सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ फिजिकल एक्टिविटी एंड हेल्थ की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। आयोजन के सह-अध्यक्ष डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने कहा कि नियमित पैदल चलना और शारीरिक गतिविधियां दिल की सेहत के लिए बेहद जरूरी हैं।

### मोबाइल इस्तेमाल की तय करें सीमा

- लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. गौरव चौधरी ने कहा कि दिल की सेहत के लिए मोबाइल इस्तेमाल की एक सीमा तय करना जरूरी है। हर 30 से 40 मिनट में ब्रेक लें, थोड़ा टहलें या स्ट्रेचिंग करें। सोने से कम से कम एक घंटे पहले मोबाइल से दूरी बनाएं।

### सही खानपान और नींद भी जरूरी

- लोहिया संस्थान के डॉ. आशीष झा ने कहा कि बदलती जीवनशैली में दिल की सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज और दालों को भोजन में शामिल करें। तले–भुने, ज्यादा नमक और शक्कर वाले खाद्य पदार्थों से बचें।

**नए नियम** पावर कारपोरेशन ने लिया फैसला, कटे केबिल की जगह आर्म्ड केबिल लगाकर बदला जाएगा तार

# मीटर टूटे या केबिल कटे, नहीं होगी कोई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





- **मीटर और तारों के साथ छेड़छाड़ पर नहीं दर्ज होगा मुकदमा**
- **बदला जाएगा मीटर, उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत**

**अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान केबिल के कटे होने या मीटर की बॉडी टूटने की स्थिति में अब पावर कारपोरेशन उपभोक्ताओं पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा। इसकी जगह विभाग की ओर से कटे केबिल के स्थान पर आर्म्ड केबिल और नया मीटर लगाया जाएगा।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस फैसले से उपभोक्ता अपने खराब मीटर और कटे केबिल की शिकायत उपकेंद्र पर आसानी से कर सकेंगे। इसके बाद अधिकारी मीटर बदलने की प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे, जिससे मीटरों में छेड़छाड़ और बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाना आसान होगा।

> विभाग की ओर से लिए गए फैसले के बाद उपभोक्ताओं को इससे खासा फायदा मिलेगा। उपभोक्ता अब सर्विस केबिल और मीटर संबंधी समस्याओं को दूर कराने के लिए खुद पहल करेंगे। इससे जहां विभाग के राजस्व में बढ़ोतरी होगी, वहीं बिजली चोरी की घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी।
>
> –वीपी सिंह, मुख्य अभियंता, ट्रांसगोमती

### अब ऐसे ही दर्ज नहीं होगा उपभोक्ता पर मुकदमा

- बिजली विभाग की ओर से अब केवल आशंका के आधार पर उपभोक्ता पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकेगा। चेकिंग के दौरान यदि उपभोक्ता के परिसर की सर्विस केबिल कटी हो या मीटर टूटा हुआ हो, तो इसे बिजली चोरी का सबूत नहीं माना जाएगा। ऐसे मामलों में लेसा कर्मचारी पुरानी सर्विस केबिल को हटाकर नई आर्म्ड केबिल के माध्यम से नया मीटर परिसर में लगाएंगे। इसके साथ ही तीन महीनों के बिजली उपभोग के आधार पर नया बिल जनरेट कर उपभोक्ता को दिया जाएगा।

### आर्म्ड केबिल से ही परिसर में लगाए जाएंगे नए मीटर

- पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं के परिसर से उतारे गए मीटरों की ब्रांट–इन के आधार पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत टेम्पर का केस दर्ज करने से पहले लैब में मीटर की जांच को अनिवार्य कर दिया है। मीटर में छेड़छाड़ के ठोस सबूत के अभाव में केवल मीटर की बॉडी सील टूटी होना या किसी एलईडी का लेग कटा होना, टेम्परिंग का आधार नहीं माना जाएगा। ऐसे मामलों में विभाग मुकदमा या असेसमेंट नहीं बना सकेगा।

# सुनवाई को नियामक आयोग ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बिजली महंगी होने की तैयारी मार्च में होगी सुनवाई**
- **बिजली दरों में लगभग 20 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव**



**अमृत विचार :** बिजली दरों में लगभग 20 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव को लेकर बिजली कंपनियों द्वारा दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) को राज्य विद्युत नियामक आयोग ने सुनवाई के लिए सशर्त मंजूरी दे दी है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मार्च माह में एआरआर और उस पर प्राप्त आपत्तियों की विस्तार से सार्वजनिक सुनवाई के बाद ही बिजली की नई दरों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

बिजली कंपनियों ने अपने एआरआर में 12,453 करोड़ रुपये के राजस्व अंतर यानी घाटे का दावा किया है। इसी घाटे की भरपाई के लिए बिजली दरों में इजाफे की जरूरत बताई जा रही है। आयोग ने सभी वितरण कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे तीन दिनों के भीतर अपने सभी आंकड़ों सहित एआरआर रिपोर्ट सार्वजनिक करें। इसके बाद उपभोक्ताओं, संगठनों और अन्य हितधारकों को आपत्तियां और सुझाव देने के लिए 21 दिन का समय मिलेगा।

महत्वपूर्ण यह है कि कंपनियों ने एआरआर में बिजली दरों में बढ़ोतरी का कोई स्पष्ट प्रस्ताव नहीं दिया है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए आयोग ने आदेश दिया है कि एआरआर प्रकाशित करते समय यह भी बताया जाए कि घाटे की भरपाई के लिए दरों में कितनी बढ़ोतरी प्रस्तावित है।

वर्ष 2026-27 के लिए बिजली कंपनियों ने सरकार से 17,100 करोड़ रुपये की सब्सिडी का प्रस्ताव रखा है। इसके बावजूद 12,453 करोड़ रुपये का घाटा दिखाते हुए बिजली महंगी होने के संकेत दिए गए हैं। अनुमान है कि यदि यह घाटा दरों से वसूला गया तो बिजली करीब 20 प्रतिशत तक महंगी हो सकती है।

कंपनियों ने वितरण हानि को 13.07 प्रतिशत किए जाने और स्मार्ट प्रीपेड मीटर संचालन पर 3,837 करोड़ रुपये खर्च को भी दरों में शामिल करने की मांग की है। जबकि केंद्र सरकार और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि स्मार्ट मीटर की लागत उपभोक्ताओं से नहीं ली जाएगी।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एआरआर के आंकड़ों को मनगढ़ंत बताते हुए कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के करीब 51 हजार करोड़ रुपये बकाया हैं। अब सभी की नजरें मार्च में होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं।

## सिटी ब्रीफ

### वर्ल्ड वेटलैंड डे के प्रतिभागी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ल्ड वेटलैंड डे पर प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को विवेक खंड-3 जन कल्याण समिति द्वारा सम्मानित किया गया। गोमती नगर स्थित कार्यालय पर मुख्य अतिथि राघवेंद्र शुक्ला जन संपर्क अधिकारी रक्षामंत्री ने भाविका यादव, आरती राजभर, जानवी, प्रीती यादव, रुचि, सृष्टि, अनुप्रिया, हर्ष जौहरी के अलावा अन्य प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान प्रबंधक महादेव प्रसाद, प्रधानाचार्य लक्ष्मी सिंह उपस्थित रहीं।

### एमबी क्लब घुड़दौड़ प्रतियोगिता कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ रेस कोर्स में सीजन की पांचवीं घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन आठ जनवरी को किया जाएगा। इस मौके पर घुड़दौड़ प्रेमियों के लिए रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रतियोगिता के तहत थॉरोब्रीड वर्ग की एमबी क्लब रेस सुबह 11:30 बजे शुरू होगी। आयोजकों के अनुसार रेस की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। रेस को लेकर घुड़दौड़ के शौकीनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### सीएमएस छात्रा को अमेरिकी स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन की छात्रा रितिशा सेठी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट द्वारा 72,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। रितिशा ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस.एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

### फैब्रिक डिजाइन में अब होगी बीएससी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में फैब्रिक और अपैरल डिजाइन में बीएससी का नया पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के रूप में फैब्रिक और अपैरल डिजाइन में बीएससी कोर्स आरंभ किया गया है, जिसके लिए आवेदन जनवरी 2026 से शुरू हो चुके हैं। फैशन और फैब्रिक उद्योगों में इस कोर्स की व्यापक मांग है। यह कार्यक्रम मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग) मोड में उपलब्ध होगा। इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पाठ्यक्रम एवं क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुरूप तैयार किया गया है और यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुसार है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को टेक्सटाइल साइंस, फैशन डिजाइन और गारमेंट कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में सशक्त सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है।

### समिति करेगी शिक्षकों की पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बैठक में वरिष्ठ आचार्यों की पदोन्नति से संबंधित विषय पर विचार-विमर्श किया गया। यूजीसी अधिनियम 2018 के अनुसार पदोन्नति की कार्यवाही की जाएगी। अब विषय विशेषज्ञों का चयन कुलाधिपति द्वारा अनुमोदित पैनल से किया जाएगा। जिनमें से कुलपति नामित विशेषज्ञों को समिति में सम्मिलित करेंगे। बैठक में अधिष्ठाता, निदेशक एवं विभिन्न सेल के गठन से संबंधित प्रावधानों पर भी चर्चा हुई। परिषद ने यह स्पष्ट किया कि चूंकि विश्वविद्यालय परिनियमावली में संशोधन पर कुलाधिपति की सहमति अभी प्राप्त नहीं हुई है, अतः तत्काल प्रभाव से इन पदों और सेल के गठन को स्थगित किया जाता है। परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि अधिष्ठाताओं को पूर्व में आवंटित कार्यों को अन्य अधिकारियों को सौंपने हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया। इस व्यवस्था से प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी और विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली प्रभावित नहीं होगी।

# मधु ज्ञानचंदानी-सुषमा की जोड़ी ने महिला युगल खिताब पर किया कब्जा

## लखनऊ के अरुण कक्कड़ सहित कई खिलाड़ियों ने फाइनल में बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी और सुषमा की जोड़ी ने अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में आयोजित योनेक्स-सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला युगल 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में लखनऊ की इस जोड़ी ने निधि कनोदिया और सुनीता यादव (कानपुर-गाजियाबाद) को एकतरफा मुकाबले में 21-4, 21-8 से पराजित किया।

मधु ज्ञानचंदानी का प्रदर्शन यहीं नहीं रुका। उन्होंने महिला एकल 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सेमीफाइनल में लखनऊ की सविता सिंह को कड़े मुकाबले में 21-17, 16-21, 21-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में गाजियाबाद की अनुराधा शर्मा ने दूसरी वरीय यूपी पुलिस की अर्चना को 21-12, 21-9 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ की देखरेख में लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव एवं ख्यातिप्राप्त खिलाड़ी स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में यह चैंपियनशिप बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी, विपिन खंड, गोमती नगर में आयोजित की जा रही है। दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में महिला एकल 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में लखनऊ की सुषमा ने दूसरी वरीय कानपुर की निधि कनोदिया को 21-4, 21-7 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



चैंपियनशिप में भाग लेता खिलाड़ी। अमृत विचार

- **योनेक्स-सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप-26**

मिश्रित युगल 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में दूसरी वरीय लखनऊ के शैलेंद्र पावाह और मधु ज्ञानचंदानी की जोड़ी ने भी फाइनल में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में लखनऊ के अरुण कक्कड़ का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। उन्होंने गोरखपुर के संजय श्रीवास्तव के साथ मिलकर पुरुष युगल 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सेमीफाइनल में मेरठ के रण पाल सिंह और वीरेंद्र सिंह की जोड़ी को 21-9, 21-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके अलावा अरुण कक्कड़ ने पुरुष एकल 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के क्वार्टर फाइनल में कानपुर के राजीव को 21-10, 21-11 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

अन्य मुकाबलों में मिश्रित युगल 45 वर्ष से अधिक के सेमीफाइनल में शैलेंद्र पावाह और मधु ज्ञानचंदानी ने अनुतोष कमल और सविता सिंह (बहराइच-लखनऊ) को 21-8, 21-8 से हराया, जबकि रविंद्र सिंह और कल्पना सिंह (नोएडा-लखनऊ) ने शीर्ष वरीय सुरेंद्र कुमार और अनुराधा शर्मा (मेरठ-गाजियाबाद) को 21-13, 21-11 से पराजित किया। महिला एकल 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सेमीफाइनल में गाजियाबाद की रेखा सिंह ने नोएडा की ममता रानी यादव को 22-20, 23-21 से हराया। महिला युगल 40 वर्ष से अधिक के सेमीफाइनल में गाजियाबाद की अनुराधा शर्मा और मधुमिता मिश्रा ने रानी सुनीता और सविता सिंह (जालौन-लखनऊ) को 21-13, 20-22, 26-24 से पराजित किया। पुरुष एकल 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय जौनपुर के धर्मेंद्र शर्मा ने वाराणसी के राजीव कुमार सिंह को 21-15, 21-16 से हराया, जबकि दूसरी वरीय कानपुर के पवन गुप्ता ने लखनऊ के एसके श्रीवास्तव को 15-11, 15-13 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।


गेंद पर कब्जा करने के प्रयास में खिलाड़ी, आपात स्थिति से निपटने को तैयार गोलकीपर। अमृत विचार

# राउंड ग्लास हॉकी अकादमी की फ्लिकर ब्रदर पर रोमांचक जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **6वीं करम अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर-14 हॉकी टूर्नामेंट में तमिलनाडु ने असम को रौंदा**

**अमृत विचार :** 36वीं करम अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर-14 हॉकी टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में शुक्रवार को पूल-सी के मैच खेले गए। गोमती नगर विजयंत खंड मिनी स्टेडियम स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में हुए मुकाबलों में राउंड ग्लास हॉकी अकादमी और स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु ने शानदार जीत दर्ज कर पूरे अंक बटोरे।

दिन के पहले मुकाबले में राउंड ग्लास हॉकी अकादमी ने कड़े संघर्ष वाले मैच में फ्लिकर ब्रदर हॉकी अकादमी को 2-0 से पराजित किया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले क्वार्टर में दोनों ओर से कई हमले हुए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में राउंड ग्लास के लालू दिवाकर ने 23वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर में फ्लिकर ब्रदर ने बराबरी के प्रयास किए, लेकिन राउंड ग्लास की मजबूत डिफेंस के आगे उनकी एक न चली। चौथे और अंतिम क्वार्टर में लालू दिवाकर ने 52वें मिनट में एक और गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। अंत तक राउंड ग्लास ने बढ़त बनाए रखी और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### आज के मुकाबले

- एमएमएस हरियाणा बनाम राजस्थान हॉकी
- हॉकी असम बनाम फ्लिकर ब्रदर
- पीआईएस मोहाली बनाम एसईओ मणिपुर
- राउंड ग्लास बनाम एसडीए तमिलनाडु

### तमिलनाडु ने असम पर बरपाया कहर

- दिन के दूसरे मुकाबले में स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु ने असम को एकतरफा मुकाबले में 16-0 से पराजित कर दिया। तमिलनाडु के कप्तान पी. सुकुंठन ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए मैच में तीन हैट्रिक लगाईं और अकेले 12 गोल दागे। शेष चार गोल टीम के अन्य खिलाड़ियों ने किए। इन जीतों के साथ राउंड ग्लास हॉकी अकादमी और तमिलनाडु ने पूल-सी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।
- आज खेले गए पूल डी में पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली और एमएमएस अकादमी शाहाबाद ने जीत के साथ पूरे अंक हासिल किए। पूल डी में पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली ने राजस्थान को 7-0 से जबकि एमएमएस अकादमी शाहाबाद ने एसईवाईओ मणिपुर को 5-0 से पराजित किया।


डॉ. देवाशीष शुक्ला से भेंट करते हुए डॉ. धनंजय सिंह और राजेश वाजपेयी।

# अटल विवि के परीक्षा नियंत्रक से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. धनंजय सिंह एवं महासचिव राजेश वाजपेयी ने अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला से भेंट की।

इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष ने नर्सिंग और पैरामेडिकल से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और परीक्षा सत्र में सुधार से छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ेगा।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने आश्वासन दिया कि वह प्रत्येक पाठ्यक्रम की पढ़ाई और परीक्षा की स्थिति का विस्तृत चार्ट तैयार करेंगे। सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं समय पर कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कोई भी सत्र विलंबित न हो

# फीस न जमा होने पर परीक्षा देने से नहीं रोकेगा संस्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- **डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि ने कॉलेजों को दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि छात्र-छात्राओं की फीस जमा न होने की स्थिति में उन्हें परीक्षा से वंचित करने का अधिकार कॉलेजों को नहीं है। साथ ही विश्वविद्यालयी परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए जारी प्रवेश पत्र पर कॉलेज की मुहर अथवा डीन के हस्ताक्षर की कोई आवश्यकता नहीं होती है। विश्वविद्यालयी परीक्षाओं से जुड़े नियमों को लेकर उठी शिकायतों के बाद संयुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित मेधावी ने स्थिति स्पष्ट की है।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षा संचालन नियमावली 2024-25 विश्वविद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध है। नियमावली के अनुसार विश्वविद्यालयी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए जारी प्रवेश पत्र पर कॉलेज की मुहर या डीन के हस्ताक्षर अनिवार्य नहीं हैं। इसके अलावा कॉलेज फीस जमा न होने की स्थिति में भी विश्वविद्यालयी (बाह्य) परीक्षाओं अथवा प्रयोगात्मक परीक्षाओं के प्रवेश पत्र रोकने का अधिकार कॉलेजों को नहीं है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालयी परीक्षाओं से संबंधित सभी दिशा-निर्देश समय-समय पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किए जाते हैं, जबकि कॉलेज फीस से जुड़े नियमों की जानकारी प्रवेश के समय छात्रों को दी जाती है।

# लविवि में होगा कुंडली मिलान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ विश्वविद्यालय में ज्योतिष परामर्श केंद्र ने शुल्क व्यवस्था लागू की**
- **विश्वविद्यालय के कर्मचारियों वउनके परिजनों को मिलेगी 15 प्रतिशत छूट**

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में ज्योतिष परामर्श केंद्र आरंभ किया गया है जहां पर वर-वधु की कुंडली मिलान, स्वप्न विचार, ग्रह नक्षत्र से लेकर वास्तु दोष तक देखे जाएंगे और उचित परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए बाकायदा प्रत्येक कार्य के लिए वित्त समिति से अनुमोदन प्राप्त शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवारजन को परामर्श शुल्क में 15 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इतना ही छूट विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी दिया जाएगा। शुल्क भुगतान विश्वविद्यालय की वित्तीय नियमावली के अनुसार होगा और केवल वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त रसीद प्रस्तुत करने पर ही परामर्श उपलब्ध होगा।

इन विषयों पर मिलेगा परामर्श

विवाह विचार, संतान विचार, धन इन्वेस्टमेंट आर्थिक स्थिति का विचार, मान-सम्मान पद-प्रतिष्ठा का विचार, राजनैतिक करियर का विचार, काउंसलर परामर्शदाता विचार -मंत्र के प्रभाव का विचार, शकुन अपशकुन्, स्वप्न आदि विचार किया जाएगा। जिसके लिए समय और शुल्क निर्धारित किया गया है।

कॅरियर, व्यवसाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, विवाह, संतान आदि विषयों पर 15 मिनट के लिए 500 रुपया शुल्क देना होगा। जबकि तंत्र-मंत्र के प्रभाव शगुन-अपशुन और स्वपन विचार के लिए 30 मिनट के लिए 900 रुपया निर्धारित किया गया है। लघु, मध्यम और वृहत कुंडली निर्माण के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार प्रश्न कुंडली, हस्तरेखा और शारीरिक लक्षणों के आधार पर परामर्श के लिए भी शुल्क निर्धारित है। जबकि वास्तु शास्त्र के परामर्श के लिए प्रति 60 वर्ग फुट पर 5 रुपया निर्धारित किया गया है।

### महत्वपूर्ण अध्याय और प्रश्नों पर केंद्रित करें परीक्षार्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के शुरू होने में अब लगभग दस दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में छात्रों का तनावग्रस्त होना स्वाभाविक है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि सही रणनीति और अनुशासित दिनचर्या अपनाकर छात्र तनावमुक्त रहते हुए बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं। इस समय परीक्षार्थियों को पूरे पाठ्यक्रम की बजाय महत्वपूर्ण अध्यायों और अधिक वेटेज वाले प्रश्नों पर विशेष ध्यान देना चाहिए और अधिक से अधिक रिवीजन करना चाहिए। परीक्षार्थियों को शेष दिनों के अनुसार सभी विषयों के लिए समय तय कर लेना चाहिए।

**आयोजन** | **ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ राष्ट्रीय सेमिनार**

# तृतीय लिंग को मुख्यधारा में लाने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज और राष्ट्र की मुख्यधारा में तृतीय लिंग को लाने तथा इसके लिए शिक्षा, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव के संकल्प के साथ दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न हुआ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित "फ्रॉम मार्जिन्स टू मेनस्ट्रीमः द जर्नी ऑफ थर्ड जेंडर" विषयक सेमिनार का समापन वैलेडिक्टरी सेरेमनी के साथ किया गया। सेमिनार तृतीय लिंग की सामाजिक, विधिक, शैक्षणिक एवं नीतिगत यात्रा पर केंद्रित रहा।


तृतीय लिंग पर आयोजित सेमिनार में बोलते विशेषज्ञ। • अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. पियूष कुमार त्रिवेदी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। सेमिनार की संयोजक डॉ. श्वेता त्रिवेदी ने वैलेडिक्टरी सत्र में संक्षिप्त एवं सारगर्भित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नाज़ फाउंडेशन इंटरनेशनल के निदेशक आरिफ़ ज़फ़र ने संस्था के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह संगठन तृतीय लिंग एवं अन्य वंचित समुदायों के अधिकारों, स्वास्थ्य और सामाजिक समावेशन के लिए कार्य कर रहा है।

राज्यसभा सचिवालय, संसद भवन के निदेशक महेश तिवारी ने संसद की विधायी प्रक्रिया, विधेयकों के प्रस्तुतीकरण और संसदीय विमर्श की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कानून निर्माण और लोकतांत्रिक बहसें तृतीय लिंग सहित सभी वर्गों के अधिकारों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## सिटी डायरी



अपने प्रमाण पत्रों के साथ आईआईएम के छात्र-छात्राएं।

### बिस्मिल की महफ़िल से हुआ आईआईएम वर्चस्व का समापन

**अमृत विचार , लखनऊ :** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में फेस्ट मैनफेस्ट-वर्चस्व 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्रों ने हिस्सा लिया और इसे उत्सव की तरह मनाया। पहले दिन लीडर्स एक्सप्रेस सत्रों में इंडसइंड बैंक के चेयरमैन सुनील मेहता, सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, सत्यार्थी मूवमेंट की सीईओ अस्मिता सत्यार्थी और रोस्टरी कॉफी हाउस के संस्थापक निशांत कुमार सिन्हा ने शासन, वित्त, उद्यमिता और सामाजिक परिवर्तन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। सांस्कृतिक मंच पर वाइब्स, ताल, हल्ला बोल और सुर में देशभर के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन आयोजनों का मूल्यांकन बॉलीवुड कोरियोग्राफर मुस्कान सिंह और इंडियन आइडल फेम परलीन सिंह गिल ने किया।


कोर्स के समापन अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य।

### साइबर सिक्योरिटी एन्ड डिजिटल फोरेंसिक कोर्स संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में आईफोरसी गृह मंत्रालय के सौजन्य से आयोजित चौथे साप्ताहिक कोर्स साइबर सिक्योरिटी एन्ड डिजीटल फोरेंसिक कोर्स का समापन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अनुराग यादव प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग उपस्थित थे। जिन्हें यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने मंच पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया। कोर्स में यूपी सहित गोवा उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड एवं जम्मू कश्मीर के कुल 40 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया है। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने अभार प्रकट किया।


स्टार्टअप पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी।

### स्टार्टअप को लेकर हुआ विधि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में स्टार्ट अप को लेकर आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। एमएसएमई-ईएसडीपी योजना के अंतर्गत ईएपी-3 (उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम) में "भारत के स्टार्टअप एवं एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र की समझ" आयोजित किया गया। इसमें 20 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने युवा वर्ग में उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति के प्रति निरंतर बढ़ती रुचि को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। आलोक पांडेय एवं विभु दीक्षित द्वारा ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किए गए।


प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ मौजूद लविवि के शिक्षकों की टीम।

### लविवि की टीम ने किया चार गांवों का भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए गांवों का भ्रमण करने एक टीम पहुंची। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा के नेतृत्व में टीम ने सोनवां, भैंसामऊ, गाजीपुर, मिश्रीपुर व डींगुरपुर का दौरा किया। ग्रामीणों को एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान 6 से 8 फरवरी तक पुष्प प्रदर्शनी स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी दी गई। टीम में प्रो. राकेश द्विवेदी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।